तारीख हुक्म	बलबीर बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी–उत्तर, जोधपुर) सू.अ.अपील संख्या 212/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.07.22	अपीलार्थी बलबीर निवासी 5सी1, सेक्टर 7, सुभाष चन्द्र बोस कॉलोनी, डिफैन्स लैब रोड़, जिला जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 20.01.2022 में उसके द्वारा (1) सेक्टर 7, सुभाष चन्द्र बोस कॉलोनी, डिफेन्स लैब रोड़, जोधपुर में आर.सी.सी. रोड़/ब्लॉक टाईल्स के कार्य हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुमति पत्र एवं स्वीकृत राशि एवं कार्य को पूर्ण करने हेतु ठेकेदार को प्रदत वर्क ऑर्डर की प्रतिलिपि (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी–उत्तर, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी–उत्तर, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी–उत्तर, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी–उत्तर, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	